दीनदयाल उपाध्याय
गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर–273009

(Accredited A++ by NAAC)

Deen Dayal Upadhyaya
Gorakhpur University,
Gorakhpur-273009

पत्रांक : सम्बद्धता/2025/07/6850

दिनांक : 5/07/2024.

**आवश्यक/महत्वपूर्ण**

सेवा में,
प्राचार्य/प्रबन्धक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर।

**विषयः सम्बद्ध महाविद्यालयों के नवीन सत्र 2025–26 हेतु आयोजित बैठक में प्रतिभाग करने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के **नवीन सत्र 2025–26** के शुभारम्भ के अवसर पर समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को प्रेरणात्मक एवं मार्गदर्शक सम्बोधन एवं महाविद्यालयों के संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिया जाना प्रस्तावित है। उक्त विषय पर आवश्यक तैयारी एवं समन्वय स्थापित किये जाने हेतु बैठक का आयोजन किया जा रहा है, **जिसकी अध्यक्षता मा0 कुलपति जी द्वारा की जायेगी।** जिसका विवरण निम्नवत् है–

| क्र0 | महाविद्यालय के प्रकार | जनपद का नाम | बैठक की तिथि एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय एवं अनुदानित | **गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर** | 09.07.2025/ अपराह्न 03:00 बजे | प्रशासनिक भवन स्थित कमेटी हाल |
| 2 | स्ववित्तपोषित | **गोरखपुर** | 10.07.2025/ अपराह्न 03:00 बजे | महायोगी गुरू श्रीगोरक्षनाथ शोधपीठ |
| 3 | स्ववित्तपोषित | **देवरिया एवं कुशीनगर** | 11.07.2025/ अपराह्न 03:00 बजे | महायोगी गुरू श्रीगोरक्षनाथ शोधपीठ |

अतः आपको सूचित किया जाता है कि उक्त बैठक में **प्रत्येक महाविद्यालय से प्राचार्य अथवा प्रबन्धक** निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय
(डी0के0 श्रीवास्तव)
कुलसचिव

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– प्रतिकुलपति, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, निदेशक, प्रवेश परीक्षा प्रकोष्ठ, दी0द0उ0 गो0वि0वि0, गोरखपुर।
2– समन्वयक, आई0टी0सी0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं समस्त महाविद्यालयों की लॉगइन में प्रदर्शित कराने का कष्ट करें।
3– उपनिदेशक, महायोगी गुरू श्रीगोरक्षनाथ शोधपीठ को इस आशय से प्रेषित कि निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोजित बैठक में महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रबन्धक हेतु आसन व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
4– प्रभारी सम्पत्ति अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोजित बैठक सम्पन्न कराने हेतु महायोगी गुरू श्रीगोरक्षनाथ शोधपीठ की साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5– सहायक कुलसचिव, लेखाधिकारी, समस्त उपकुलसचिव, परीक्षा नियंत्रतक, वित्त अधिकारी को इस आशय से प्रेषित कि निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने का कष्ट करें।
6– विधुत अभियन्ता को इस आशय से प्रेषित कि निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान की अवरोध रहित विधुत व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
7– प्रभारी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
8– वैय0 सहायक कुलसचिव।

उपकुलसचिव

1 All College - pg 198 5-Jul-25